तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

11 डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल



12 डीजे के लिए समय सीमा तय, पंडालों में सीसीटीवी...



औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

भाटापारा में भजन जामिंग 11 अक्टूबर को

भाटापारा। शहर में पहली बार डिवाइन सर्किल कम्युनिटी द्वारा भजन जामिंग का आयोजन किया जा रहा है। भक्ति और संगीत के इस अनोखे संगम के जरिए लोगों को भक्ति से जोड़ने की यह पहल भाटापारा के लिए एक नई और गौरवपूर्ण शुरुआत है। आज की युवा पीढ़ी को भक्ति, संगीत और अपनी संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में लाईव भजन जामिंग, सामूहिक भजन और गरबा धमाल जैसे आकर्षण होंगे। 11 अक्टूबर रविवार, शाम 6 बजे से माहेश्वरी भवन, भाटापारा में होने वाला यह आयोजन शहरवासियों के लिए एक बिल्कुल नया अनुभव होगा डिवाइन सर्किल कम्युनिटी का उद्देश्य है कि भक्ति सिर्फ सुनी न जाए, बल्कि साथ मिलकर महसूस और जी जाए।

रोजगार मेला मे शामिल होने के लिए बस सुविधा उपलब्ध

बलौदाबाजार। रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 7 एवं 8 अक्टूबर 2026 को आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार मेले में शामिल होने के लिए जिले के आवेदकों के आने-जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस बस सुविधा का लाभ लेने के इच्छुक आवेदक 7 एवं 8 अक्टूबर को प्रातः 7 से 8 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार या दूरभाष नंबर 07727299443 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

एयरपोर्ट के सीनियर मैनेजर से मारपीट, कार का शीशा तोड़ा

रायपुर। गाड़ी चलाने के विवाद में एयरपोर्ट के सीनियर मैनेजर के खिलाफ दो स्कूटी सवार लड़कों ने मारपीट कर कार का शीशा तोड़ दिया। सीनियर मैनेजर के साथ मारपीट की घटना परिवार के साथ शंकर नगर से अपने घर सड्डू जाने के मार्ग पर हुई है। पीड़ित की शिकायत पर विधानसभा पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी कर रही है। मेट्रो ग्रीन, सड्डू निवासी हिमांशु सिंह ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार शाम 7 बजे के करीब अपने मां, पिता, बेटी तथा बेटे के साथ शंकर नगर से घर लौट रहे थे। डॉ. आकाश राय के क्लीनिक और प्राथमिक स्कूल के सामने सड्डू में एक स्कूटी उनकी कार के नजदीक आ गई। हिमांशु ने कार रोककर स्कूटी चालक को वाहन ठीक से चलाने के लिए कहा। इस पर स्कूटी चालक ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें कार से नीचे आने को कहा। हिमांशु और उनके पिता नीचे उतरे तो आरोपी ने दोनों से मारपीट शुरू कर दी। कुछ देर बाद उसके अन्य साथी ऑटो से पहुंचे और उन्होंने भी मारपीट की।

सीसीटीवी कैमरा ऊपर घुमाकर पुलिसकर्मी के घर 6 लाख की चोरी

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र के सड्डू स्थित वीआईपी स्टेट में चोरों ने एक पुलिसकर्मी के घर को निशाना बनाते हुए छह लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी पार कर दिए। पुलिसकर्मी को घटना की जानकारी बिहार, पटना से लौटने के बाद मिली। चोरों ने चोरी के पहले घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की दिशा आसमान की ओर कर दी, ताकि चोरी की गतिविधियां कैमरे में कैद न हो सकें।





हार से निराश न हों, कमियों को दूर कर आगे बढ़ें : गजेंद्र यादव

शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में रायपुर संभाग बना ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में 3 से 6 अक्टूबर तक चार दिवसीय 26 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। पांचो संभाग के खिलाड़ियों द्वारा बैंड की धुन पर आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने ध्वज अवरोहण कर प्रतियोगिता समापन की विधिवत घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विधा के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत व सम्मानित किया। स्पर्धा के तीनो विधाओं मे शानदार प्रदर्शन कर रायपुर जोन ओवर ऑल चैम्पियनशिप का ख़िताब हासिल किया। इस अवसर पर मंत्री श्री यादव ने ⏭ शेष पेज 11 पर

पांचों संभाग के खिलाड़ियों ने बैंड की धुन पर किया मार्च पास्ट



खिलाड़ियों ने अनुशासित रहकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया

जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन अनुशासन मे रहकर किया है। यह खेल स्पर्धा आज भले ही समाप्त होगा लेकिन खिलाड़ियों का उत्साह जारी रहेगा। उन्होंने कहा पढ़ाई के साथ खेल-कूद से भी जिंदगी मे ऊँचे मुकाम हासिल कर सकते हैं। बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र जिला और प्रदेश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम को कलेक्टर कुलदीप शर्मा एवं पूर्व विधायक डॉ.सनम जांगड़े ने भी सम्बोधित किया।

विभिन्न विधाओं के खेल स्पर्धा का परिणाम

रग्बी 14 वर्ष बालक रायपुर संभाग प्रथम, बस्तर द्वितीय एवं दुर्ग तृतीय स्थान,बालिका वर्ग में रायपुर संभाग प्रथम, बस्तर द्वितीय एवं दुर्ग तृतीय स्थान। नेटबॉल 19 वर्ष बालक में रायपुर संभाग प्रथम, बिलासपुर द्वितीय एवं दुर्ग तृतीय स्थान नेटबॉल 19 वर्ष बालिका में रायपुर संभाग प्रथम, बिलासपुर द्वितीय एवं दुर्ग तृतीय स्थान। कुराश 14 वर्ष बालक में दुर्ग संभाग प्रथम, सरगुजा द्वितीय एवं रायपुर तृतीय स्थान, 14 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर संभाग प्रथम, बिलासपुर द्वितीय एवं दुर्ग तृतीय स्थान। 17 वर्ष बालक में रायपुर संभाग प्रथम, सरगुजा द्वितीय एवं दुर्ग तृतीय स्थान, बालिका वर्ग में दुर्ग संभाग प्रथम, बिलासपुर द्वितीय एवं रायपुर तृतीय स्थान। कुराश 19 वर्ष बालक में रायपुर संभाग प्रथम, सरगुजा द्वितीय एवं दुर्ग तृतीय स्थान,बालिका वर्ग में बिलासपुर संभाग प्रथम, दुर्ग द्वितीय एवं रायपुर तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस अवसर पर एसपी गौरव राय, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, आनंद यादव, राकेश ध्रुव सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या मे खिलाडी उपस्थित रहे।

सोए हुए दंपति को सांप ने डसा पति की मौत, पत्नी की बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर



ग्राम खपरीडीह निवासी कंवल दास पिता छेरका दास मानीकपुरी रात्रि में सोए हुए थे और उस पलंग पर करैत सर्प छिपा हुआ था। जब नींद पर थे तो सर्प ने सोए हुए अवस्था पर उनको अनेकों बार काटे उन्होंने मच्छर समझकर उतना ध्यान नहीं दिया। तो अंत मे पत्नी को काटे तो उन्होंने उस सर्प को देख लिया तब उसके पति ने बताया कि मुझे भी काटा है लेकिन मैं मच्छर समझकर कर ध्यान नहीं दे रहा था। तो पत्नी ने लगभग 2-3 बजे रात को अपने पड़ोसियों को उठाकर आप बीती सुनाई और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में भर्ती किया गया। तो डॉक्टर ने बिलासपुर अस्पताल रीफर कर दिया तो रास्ते मे दम तोड़ दिया।

पत्नी इलाज से ठीक हो गई। पति के मृत्यु होने पर पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया। इसको सुनकर गांव में मातम छा गया ग्रामीणों ने देखने के लिए उसके घर पहुंचे। गांव के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

सीमेंट फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड पर हमला करने वाला चौथा आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार। अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री रवान में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर चोरी का प्रयास करने और रोकने पर सुरक्षा गार्ड पर लोहे के पाइप से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी समीर सायतोड़े (21) निवासी ग्राम खैरताल को 6 अक्टूबर को घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस के अनुसार पूछताछ के बाद आरोपी के कब्जे से घटना के समय पहने गए खून से सने कपड़े भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 20 सितंबर को अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री रवान में सुरक्षा गार्ड प्रशांत सिंह (26) एएफआर क्षेत्र में ड्यूटी पर था। इसी दौरान राकेश दास मानिकपुरी उर्फ राका, योगेश यादव, भूपेन्द्र मांडले और समीर सायतोड़े बाउंड्रीवॉल कूदकर फैक्ट्री परिसर में दाखिल हुए और चोरी का प्रयास कर रहे थे। सुरक्षा गार्ड द्वारा रोकने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान योगेश यादव ने लोहे के पाइप से गार्ड के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई।



प्रार्थी की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 795/2026 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने मामले में पहले ही राकेश दास मानिकपुरी, योगेश यादव और भूपेन्द्र मांडले को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था। घटना के बाद से समीर सायतोड़े फरार था। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में लगातार की जा रही पतासाजी के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

हाई स्कूल तिराहे पर रात में खोदी सड़क, अगले दिन तोड़ दिया निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के हाई स्कूल तिराहे स्थित मॉडर्न कॉम्प्लेक्स के सामने सड़क के बीचों-बीच अचानक किए गए निर्माण और अगले ही दिन उसे तोड़े जाने का मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। सोमवार रात मजदूरों द्वारा सड़क के मध्य करीब 15 फीट व्यास का गोल हिस्सा खोदकर ईंट, सीमेंट और कंक्रीट से निर्माण शुरू किया गया। मंगलवार शाम को वही मजदूर इस निर्माण को तोड़ते हुए दिखाई दिए।मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि सड़क के बीचों-बीच निर्माण किस शासकीय निर्माण एजेंसी द्वारा कराया जा रहा था और इसके लिए किस स्तर से अनुमति अथवा कार्यादेश जारी किया गया था। मौके पर काम कर रहे मजदूरों से पूछताछ करने पर भी निर्माण एजेंसी, कार्यादेश अथवा निर्माण के उद्देश्य से संबंधित स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ सकी।

स्थानीय लोगों के बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि निर्माण स्वीकृत था तो उसे शुरू करने के बाद अगले ही दिन क्यों तोड़ा गया? यदि कार्य स्वीकृत नहीं था तो सड़क को किसके निर्देश पर खोदा गया? निर्माण किस उद्देश्य से किया जा रहा था और सड़क को नुकसान ⏭ शेष पेज 10 पर

कलेक्टर व नपा कार्यालय के पास हुई घटना

खास बात यह है कि जिस स्थान पर यह कार्य किया गया, वह जिला कलेक्टर कार्यालय और नगर पालिका कार्यालय के बेहद नजदीक है। ऐसे महत्वपूर्ण स्थान पर सड़क को खोदकर यातायात प्रभावित करने तथा निर्माण करने के बाद उसे तोड़ दिए जाने से संबंधित विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। मंगलवार को इसी हाई स्कूल मैदान में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव सहित जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। ऐसे में कार्यक्रम स्थल के समीप सड़क पर अचानक हुए निर्माण और उसके बाद उसे तोड़े जाने की घटना दिनभर चर्चा में रही।

शराब पीकर वाहन चलाने वाले से कोर्ट ने वसूला 15 हजार का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने के लिए पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार की जा रही है। इस दौरान चेकिंग अभियान में थाना हथबंद पुलिस द्वारा ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर एक वाहन चालक को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इस प्रकरण में वाहन चालक के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इसका वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें दिनांक 6 अक्टूबर को न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले प्रकरण में वाहन चालक को 15,000 रुपए ⏭ शेष पेज 10 पर



स्मार्ट मीटर, बिजली बिल और जर्जर सड़कों के मुद्दे पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

- सुहेला में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में बूथ स्तर पर संगठन मजबूती पर मंथन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला की मासिक बैठक मंगलवार को हाथबंद मंडल के ग्राम कूंकराचुंदा स्थित रजक समाज के सामुदायिक भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के साथ ही सरकार को विभिन्न जनहित के मुद्दों पर घेरने की आगामी रणनीति तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएं और संगठन को गांव-गांव तक सक्रिय बनाएं। वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं को लेकर कांग्रेस लगातार संघर्ष करेगी। स्मार्ट मीटर के ⏭ शेष पेज 10 पर



सेवा मेरा योगदान के तहत झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

षष्ठी मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत जिले में अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्वच्छता अभियान प्रमुख है। इसी कड़ी मे सोमवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की अगुवाई मे बलौदाबाजार स्थित षष्ठी मंदिर के आसआस स्वच्छता अभियान चलाया गया।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियो ने हाथ मे झाड़ू लिये सड़क पर बिखरे कचरे की सफाई की और कूड़ो को उठाकर डस्टबीन में डाला। इस प्रतीकात्मक स्वच्छता अभियान से लोगों को स्वच्छता अपनाने और कहीं भी कचरा नहीं फेंकने का सन्देश दिया गया। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के अनवरत 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सेवा मेरा योगदान अंतर्गत यहां स्वच्छता अभियान चलाया गया।उन्होंने कहा कि स्वच्छता को अपनाना एक आदत है जो धीरे-धीरे बनता है। अब स्वच्छता के प्रति लोगों मे जागरूकता बढ़ी है और इस अभियान से जुड़ रहे हैं। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जीतेन्द्र महले, राकेश ध्रुव, योगेश अग्रवाल, सुनीता वर्मा, नीलम सोनी सहित पार्षदगण मौजूद रहे।





खबर संक्षेप



जुनून मेलोडी म्यूजिकल ग्रुप ने संजय का किया सम्मान

रायपुर। जुनून मेलोडी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों, समाजसेवा या कला के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने "सुरमई अंखियों में नन्हा-मुन्ना इक सपना दे जा रे" जैसी भावपूर्ण लोरी गाकर सभागार में बैठे दर्शकों का मन मोह लिया। श्री सिंह को अब तक किशोर कुमार की आवाज़ में गाते हुए दर्शकों ने खूब सुना है, लेकिन इस बार जुनून की टीम ने उन्हें एक नए और अलग अंदाज़ में प्रस्तुत किया। उन्होंने उदित नारायण, येसुदास, हरिहरन और बप्पी लाहिड़ी जैसे दिग्गज गायकों की शैली को भी खूबसूरती से निभाया। श्रीदेवी, माधुरी दीक्षित के गीतों पे अधारित कार्यक्रम किया गया था। पंचमी सेंद्रे, सुमन, जानकी कश्यप, शालिनी मिश्रा, पल्लवी राव ने भी अपनी प्रस्तुति दी।

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का जिला स्तर पर संगठन विस्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने संगठन को जिला और ब्लॉक स्तर तक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की कवायद शुरू कर दी है। फेडरेशन की प्रांतीय बैठक में जिला संयोजकों के चयन और इसके बाद ब्लॉक स्तर पर संगठनात्मक टीम के गठन का निर्णय लिया गया था। इसी कड़ी में प्रदेश के सभी जिलों के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि नियुक्त पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में संबंधित जिलों में फेडरेशन से संबद्ध सभी संगठनों के जिला अध्यक्षों की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें जिला संयोजकों के चयन की प्रक्रिया पूरी होगी। इसके बाद जिला संयोजक अपनी टीम का गठन करेंगे और इसी प्रक्रिया के तहत ब्लॉक संयोजकों की नियुक्ति की जाएगी। फेडरेशन ने सभी जिला पर्यवेक्षकों को अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में बैठक आयोजित कर 30 अक्टूबर तक जिला संयोजक के चयन की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

अंबे बने युवा धोबी समाज के प्रदेशाध्यक्ष



रायपुर। रायपुरा महादेवघाट, चंगोराभाठा निवासी अंबे बाघमार को धोबी समाज का युवा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह जानकारी समाज के मुख्य प्रादेशिक प्रवक्ता गंगा निर्मलकर ने देते हुए बताया कि यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया एवं राष्ट्रीय सलाहकार राजेंद्र आहेर के निर्देशानुसार युवाओं की मांग पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने की है। उन्हें पूरे प्रदेश में समाज के युवाओं का टीम तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया है।

नए मेडिकल कालेजों को मिलेंगे 50-50 एफएमजी डॉक्टर, इंटर्नशिप के लिए 14 तक अर्जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूसरे देशों से एमबीबीएस की पढ़ाई कर लौटे डाक्टरों को राज्य के सरकारी और निजी मेडिकल कालेजों में इंटर्नशिप का मौका दिया जाएगा। राज्य में इसके लिए 1500 सीटें हैं, जिसमें इस साल खुले पांचों मेडिकल कालेज में 50-50 सीटें हैं। एक वर्षीय पाठ्यक्रम के दौरान इन डाक्टरों स्थानीय स्तर उपचार की सीख मिलेगी।

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इंटर्नशिप एवं क्लर्कशिप के लिए काउंसिलिंग में शामिल होने वाले फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट (एफएमजी) के लिए पात्र अभ्यर्थियों के पंजीयन की तारीख तय की है। 6 से 14 अक्टूबर तक इसकी प्रक्रिया पूरी की जाएगी और शेड्यूल के आधार पर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। राज्य के 15 शासकीय और 6 निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में इसके लिए कुल डेढ़ हजार सीटें तय की गई हैं।

खास खबर

शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों में 15 सौ सीटें, एक वर्ष का होगा कोर्स



दूसरे राज्यों के छात्रों को 26 हजार रुपए शुल्क देना होगा

इनमें इसी साल शुरू हुए जशपुर, दंतेवाड़ा, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा एवं मनेंद्रगढ़ के चिकित्सा महाविद्यालयों में 50-50 तथा निजी मेडिकल कालेज पचेड़ा में 150 सीटें तय की गई हैं। रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, राजनांदगांव, कांकेर एवं अंबिकापुर में इनके लिए एक से दस सीटें तय हैं, जबकि शेष में 50 से 186 सीटें तय की जाएंगी। काउंसिलिंग में शामिल होने वाले राज्य के एफएमजी डाक्टरों को इसके लिए 11 और दूसरे राज्यों के छात्रों को 26 हजार रुपए शुल्क देना होगा।

निगम के बाजार विभाग ने लीज की शर्तों और प्रक्रियाओं की फाइलें खंगालनी शुरू कीं

लीज खत्म, 500 दुकान-संस्थानों को नोटिस, नगर निगम ने मांगे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में लीज अवधि समाप्त हो चुकी संपत्तियों का नवीनीकरण कराने नगर निगम के बाजार विभाग ने शहर के अलग-अलग लोकेशन पर स्थित करीब 500 दुकानों और व्यावसायिक परिसर के दुकान संचालकों को नोटिस भेजकर दस्तावेज की कॉपी उपलब्ध कराने 7 दिन की समयसीमा दी है। इसमें 10 साल से लेकर 30 साल तक की अवधि के लिए दी गई लीज संबंधी प्रॉपर्टी शामिल है।

शहर में अलग-अलग योजनाओं के अंतर्गत निर्मित 91 खाली पड़ी दुकानों को 30 साल की लीज पर दिए जाने अंतिम बार टेंडर कर दिया है। इसके बाद भी यदि संबंधित दुकानें लीज पर नहीं उठतीं तो इसे शासन के गाइडलाइन अनुसार किराए पर देने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, ताकि शहर में जर्जर हो रही खाली पड़ी दुकानों के मेंटेनेंस और बिजली तथा सफाई संबंधी खर्च निकाला जा सके।

हरिभूमि सरोकार

10 साल से लेकर 30 साल की समयसीमा के लिए दी थी लीज समय पूरा होने के बाद कलेक्टर गाइडलाइन से गणना



भेज रहे नोटिस

शहरभर में नगर निगम की जिन संपत्तियों के लीज की अवधि समाप्त हो चुकी है, उनके लिए लीज नवीनीकरण का आदेश जारी किया गया है, यह प्रक्रिया निगम के राजस्व विभाग में चल रही है। संबंधित लीज होल्डरों से इस संबंध में दस्तावेजों की कॉपी मांगी गई है, एमआईसी की बैठक में भी यह प्रस्ताव लाया जाएगा। इसके अलावा शहर में 91 दुकानें ऐसी है, जो टेंडर के बाद भी वर्षों से खाली पड़ी है, उन्हें 30 साल की लीज पर देने शासन की गाइडलाइन के हिसाब से टेंडर किया जाएगा।

- डॉ. अंजलि शर्मा, उपायुक्त राजस्व, नगर निगम रायपुर

लीज की अवधि खत्म, दुकानदारों को नोटिस, दस्तावेज मांग रहे

रायपुर नगर निगम की शहर में ऐसी प्रापर्टी जो 30 साल के लिए लीज पर दी गई थी और जिनकी लीज अवधि समाप्त हो रही है, उन प्रॉपर्टी का आवंटितियों को लीज नवीनीकरण कराना होगा। इनमें नगर निगम की दुकानें और व्यावसायिक परिसर शामिल हैं। नगर निगम अपने व्यवसायिक परिसरों की दुकानों की रजिस्ट्री लीज आधार पर करता है। जिन लीज होल्डर संपत्तियों की अवधि समाप्त हो चुकी है, उनके लिए नवीनीकरण का आदेश जारी हुआ है। यह प्रक्रिया नगर निगम के राजस्व विभाग में इन दिनों चल रही है। इनमें राजधानी के जीई रोड स्थित शहीद स्मारक परिसर की 150 दुकानों में से 45 दुकानें ऐसी हैं, जिनकी 30 साल की लीज अवधि समाप्त हो चुकी है। इसी तरह गांधी मैदान के सामने कांजी हाउस परिसर की 10 दुकानें, जयस्तंभ चौक के पास 4 दुकानें, निवेदिता कन्या विद्यालय गंजपारा परिसर स्थित नगर निगम की 25 दुकानें और नगर निगम के नजूल एरिया की दुकानें शामिल हैं, जिनकी लीज अवधि समाप्त हो चुकी है।

10 साल की लीज अवधि पर ये दुकानें

बाजार विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, नगर निगम द्वारा 10 साल की लीज पर जिन दुकानों को वर्षों पहले आवंटित किया गया, उनकी लीज की अवधि पूरी होने के बाद संबंधित दुकानदारों को लीज नवीनीकरण कराने नोटिस जारी किया जा रहा है। सप्ताह भर के अंदर संबंधित दुकानदारों को दुकानों के दस्तावेज मांगे गए हैं। जिनके आधार पर यह यह जानकारी सामने आएगी कि संबंधित प्रॉपर्टी का वर्तमान में आवंटी कौन है, कहीं उसने दूसरे को दुकान बेच तो नहीं दी, या संबंधित की मृत्यु के बाद वर्तमान मे दुकान किसके काबिज में है, इन सब बातों की पड़ताल करने करीब 500 दुकानों के लीज संबंधी दस्तावेज मंगाए गए हैं। 10 साल की लीज अवधि पूरी होने वाली दुकानों पर कालीबाड़ी चौक स्थित नगर निगम की 60 दुकानें, मोतीबाग चौक की 35 दुकानें, कटोरा तालाब क्षेत्र स्थित 35 दुकानें, पंडरी के पुराने बस स्टैंड क्षेत्र 60 दुकानें शामिल हैं। इसके अलावा फाफाडीह इलाके की 50 दुकानें, खमतराई क्षेत्र स्थित 15 दुकानें और डगनिया बाजार चौक की 15 दुकानें इनमें शामिल हैं।

किराया बढ़ेगा प्रीमियम की राशि पर असर

अचल संपत्ति व्यय अधिनियम 2026 के नए नियम लागू होने के बाद नगर निगम के शहर में अलग-अलग लोकेशन पर स्थित लीज पर दी गई प्रापर्टी के नवीनीकरण कराने पर संबंधित दुकान व व्यवसायिक परिसर का किराया बढ़ेगा, यही नहीं प्रीमियम पर इसका असर आने वाले दिनों में देखने को मिल सकता है। यानी लीज नवीनीकरण की प्रक्रिया में कलेक्टर गाइड लाइन हिसाब से संबंधित दुकान या व्यवसायिक परिसर की क्षेत्रफल हिसाब से नए सिरे गणना की जाएगी। गणना उपरांत जो भी वेल्यू आएगी उसका 0.50 फीसदी वार्षिक किराया होगा।

प्रिंस ढाबा तोड़ने पहुंचा राजस्व अमला बैरंग लौटा

दो युवकों ने खुद पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगाने का किया प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा रोड पर संचालित प्रिंस ढाबा तोड़ने सोमवार को पुलिस के दल-बल के साथ पहुंचे राजस्व विभाग के अमले को बैरंग लौटना पड़ा। ढाबा के संचालक और उसके रिश्तेदारों ने इस कार्रवाई के विरोध में जमकर हंगामा किया। ढाबा संचालक के दो रिश्तेदारों ने तो अपने ऊपर पेट्रोल उड़ेलकर खुद को आग लगाने का भी प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने दोनों को आग लगाने से पहले पकड़ लिया और पानी डालकर उन्हें समझाइश दी। इस हंगामे के बीच राजस्व विभाग की टीम को कार्रवाई किए बिना वापस लौटना पड़ा। हालांकि इस मामले में तहसीलदार राममूर्ति दीवान ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के तहत इस मामले में एसडीएम कोर्ट ने आदेश जारी किया है, जिसके आधार पर कार्रवाई करने टीम पहुंची थी। इधर दूसरी ओर यह भी पता चला है कि ढाबा संचालक ने सीमांकन पर आपत्ति जताते हुए एसडीएम के आदेश के खिलाफ संभागायुक्त कोर्ट में आवेदन लगाया है, जिस पर सुनवाई होनी बाकी है। प्रिंस ढाबा जिस जमीन पर बना है, उसे लेकर एक पक्ष ने तहसीलदार रायपुर के समक्ष शिकायत की है। शिकायत के बाद इस मामले में जांच करते हुए वर्ष 2018 में जमीन का सीमांकन कराया गया था।

संभागायुक्त ने मांगे हैं दस्तावेज

आदेश के तहत कार्रवाई करने पहुंचे थे। संभागायुक्त ने इस मामले में सारे दस्तावेज मांगे हैं। मंगलवार को दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके बाद जो निर्देश मिलेंगे, उसी के तहत आगे कार्रवाई की जाएगी।

- राममूर्ति दीवान, तहसीलदार, रायपुर

आग लगाने से पहले ही पानी डालकर बचाया

कार्रवाई को रोकने ढाबा संचालक के दो रिश्तेदारों ने अपने ऊपर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगाने का भी प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने दोनों को तत्काल पकड़कर उन पर पानी उड़ेलकर उन्हें समझाइश दी। इधर इस हंगामे के दौरान छग सिख समाज के अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिंघोत्रा समेत अन्य पदाधिकारी भी पहुंचे थे, जिनके द्वारा राजस्व अधिकारियों को जानकारी दी कि संभागायुक्त के समक्ष सीमांकन को लेकर ढाबा संचालक ने आवेदन किया है, जिस पर 12 तारीख को सुनवाई होनी है। ऐसे में सुनवाई से पहले कार्रवाई करना गलत है। उन्होंने यह भी बताया कि सीमांकन कराने का नियम है कि जमीन का सीमांकन किया जाता है, उस दौरान उससे लगी जमीन के मालिकों को भी बुलाया जाता है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ है। इसकी शिकायत ढाबा संचालक ने की है। उन्होंने तहसीलदार से मांग है कि दोबारा इस जमीन का सीमांकन पारदर्शिता के साथ किया जाए। इसके बाद ही नियम के तहत कार्रवाई की जाए।

पेज 9 के शेष

हार से निराश ...

बलौदाबाजार मे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खोलने की घोषणा की। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव ने पांचो संभाग से आए खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन की बधाई देते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास तो होता ही है इससे संस्कृति,खान-पान,रहन- सहन भी सीखी जा सकती है। इसीलिए हमने 22 जुलाई से 31 अक्टूबर तक चलने वाले राज्य स्तरीय शालेय खेल स्पर्धा का आयोजन संभाग मुख्यालय के अलावा जिलों मे भी करने का निर्णय लिया है। इससे बच्चों को अलग- अलग जिलों की संस्कृति को जानने का मौका मिलेगा।उन्होंने कहा कि खेल मे हार और जीत होती है,हारने वाले को निराश और जीतने वाले को घमंड नहीं होना चाहिए। दोनों ही स्थिति मे और बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए।हार हमें कमियों को दूर करने का अवसर देता है। उन्होंने बताया कि कुराश खेल को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय खेल मे शामिल कराया है जो इस स्पर्धा के अंतर्गत बलौदाबाजार मे आयोजित हुआ है।सभी खिलाडी यहां से अच्छा अनुभव और सीख लेकर वापस अपने जिलों मे जायेंगे।

हाई स्कूल तिराहे ...

पहुंचाने की जिम्मेदारी किसकी तय होगी? मामले में संबंधित निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों से स्थिति स्पष्ट किए जाने की मांग उठ रही है।

शराब पीकर वाहन...

अर्थदंड से दंडित किया गया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाते हुए, पकड़े गए इन सभी चालकों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की भी कार्यवाही की जाएगी। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

स्मार्ट मीटर, बिजली...

विरोध, 400 यूनिट तक मुफ्त बिजली योजना लागू करने, एसआईआर के नाम पर मतदाता अधिकारों से जुड़े सवाल, वोट चोरी, चंदा चोरी, पेपर लीक तथा क्षेत्र की जर्जर सड़कों जैसे मुद्दों को लेकर सरकार से जवाब मांगा जाएगा। बैठक में पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु, समीर अग्रवाल, सुखदेव साहू, संतोष चंद्राकर, संदीप पांडेय, बसंत ऑडिल, लखन लाल वर्मा, वामन टिकरिहा, कुम्भ साहू, जितेंद्र वर्मा, नंदू यदु, रमेश वर्मा, डा अयाज अहमद फारुखी अनिल वर्मा, प्रदीप मानिकपुरी, पारख निर्मलकर, प्रदीप निर्मलकर, किशोर बघेल, धर्मेंद्र बघेल, रामसुधार जांगड़े, दुष्यंत जोशी, देवप्रसाद साहू, गुलाब जोशी, मनोज रजक, अनोद बंजारे, रमेश वर्मा, चरण वैष्णव, मुकेश साहू, मकसूदन साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। बैठक में आगामी दिनों में क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर आंदोलनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा संगठन को और मजबूत बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि आम जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक अपनी आवाज बुलंद करेगी।

नेताम ने कहा- मोदी के 25 साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ को मिलीं अभूतपूर्व सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, पीएम मोदीजी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, किसान, जनजातीय विकास, स्वास्थ्य, आवास और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को कई बड़ी सौगातें मिली हैं।

- छत्तीसगढ़ सहित देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य हासिल किया



श्री नेताम ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से प्रदेश के लाखों परिवारों को खाद्य सुरक्षा मिली है। उज्ज्वला योजना के तहत छत्तीसगढ़ की 39.54 लाख महिलाओं को लाभ मिला, जबकि जल जीवन मिशन के तहत 41.50 लाख ग्रामीण परिवारों तक नल से पानी पहुंचाया गया है। आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा का भी उन्होंने उल्लेख किया।

पीएम आवास के तहत मकानों का निर्माण

कृषि मंत्री के अनुसार प्रदेश के 25.51 लाख किसानों को 11,277 करोड़ रुपए से अधिक की किसान सम्मान निधि सीधे खातों में दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़े पैमाने पर पक्के मकानों का निर्माण कराया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्रों के विकास का उल्लेख करते हुए नेताम ने कहा, 6,691 जनजातीय गांवों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि छत्तीसगढ़ सहित देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य हासिल किया गया है।

बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरित

घाटलोहंगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की पहल पर आज महुपाल, बरई में बाढ़ से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई।



इधर... डिलीवरी में लेटलतीफी, बुकिंग के बाद 3 से 7 दिन तक करना पड़ रहा इंतजार

ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब 25 दिन में बुकिंग पर मिलने लगे घरेलू सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में साढ़े तीन लाख से अधिक एलपीजी के घरेलू उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं को भी अब शहरी एलपीजी उपभोक्ताओं की तरह 25 दिनों के बाद बुकिंग कराने पर गैस सिलेंडर मिलने लगे हैं। इससे पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद ही गैस सिलेंडर रिफिलिंग के लिए ऑनलाइन बुकिंग हो रही थी। इससे उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, क्योंकि बुकिंग कराने के बाद भी सिलेंडर की डिलीवरी होने में 3 से 5 दिन का समय लग रहा था। इस तरह 50 या उससे अधिक दिनों के बाद ही उपभोक्ता को सिलेंडर मिल पा रहा था, जिसके कारण कई घरों में गैस सिलेंडर की जगह इलेक्ट्रॉनिक चूल्हे से लेकर सिगड़ी आदि का इस्तेमाल किया जा रहा था।



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग को 45 दिनों से घटाकर 25 दिन करने को कहा है। इस आदेश के बाद से प्रदेशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में अब घरेलू सिलेंडर 25 दिनों के बाद बुकिंग होने लगे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिली है। उपभोक्ताओं को अब बुकिंग के लिए 45 दिनों तक इंतजार करना नहीं पड़ता। 20 दिन पहले ही वे बुकिंग करा रहे हैं।

शिकायत आने पर कार्रवाई

ग्रामीण क्षेत्रों में 25 दिनों के बाद गैस सिलेंडर के लिए ऑनलाइन बुकिंग हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है। डिलीवरी कराने में लेटलतीफी की अभी तक किसी एजेंसी के खिलाफ शिकायत नहीं आई है। शिकायत आने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

- भूपेंद्र मिश्रा, जिला अधिकारी खाद्य विभाग, रायपुर

डिलीवरी में अभी भी 3 से 7 दिन तक लग रहे

नई व्यवस्था के तहत जरूर उपभोक्ताओं को 20 दिन पहले बुकिंग कराने की सुविधा मिलने लगी है, लेकिन बुकिंग के बाद गैस सिलेंडर की डिलीवरी में अभी भी गैस एजेंसियों द्वारा लेटलतीफी की जा रही है। बुकिंग बाद किसी उपभोक्ता को 2 दिन के बाद तो किसी को 3, 4, 5 से लेकर 7 दिनों के बाद डिलीवरी दी जा रही है। इस तरह उपभोक्ता को 30 से 32 दिनों के बाद सिलेंडर मिल रहा है। यह स्थिति शहरी क्षेत्रों में भी है। कई एजेंसियां डिलीवरी में लेटलतीफी कर रही हैं, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं।

खबर संक्षेप

फर्जी दस्तावेज से कार किराए पर ली, फिर गाड़ी लेकर फरार

रायपुर। खमतराई थाना क्षेत्र में कार किराए पर देने का विज्ञापन देख महाराष्ट्र, नागपुर के एक युवक ने कार मालिक से संपर्क किया और फर्जी दस्तावेज आधार, पेनकार्ड देकर कार लेकर फरार हो गया। कमलेश ने पुलिस को बताया कि उसने कार किराए पर देने के लिए इंस्टाग्राम पर विज्ञापन डाला था। विज्ञापन देख नागपुर के युवक ने भनपुरी का पता बताकर फर्जी दस्तावेज थमा दिए और कार किराए पर ले गया। सेल्फ ड्राइव के नाम से कार किरए पर लेकर बेचने वाले आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी मिलने पर कमलेश, आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा।

शहीद घनश्याम कन्नौजे की जयंती पर किया नमन

महासमुंद। ग्राम खरोरा में भारत देश के शहीद घनश्याम कन्नौजे की जयंती पर नमन किया। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, लता चंद्राकर,जया चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर उपस्थित रहे। बता दें कि ग्राम बिरकोनी के निवासी शहीद घनश्याम कनौजै ने देश के लिए अपना फर्ज निभाया, जिन्होंने माओवादियों से लोहा लेते हुए अपनी जान कुर्बान कर दिया। एएसएफ की दूसरी बटालियन सकरी बिलासपुर के आरक्षक क्रमांक-111 छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित बीजापुर जिले के भद्राकाली में तैनात थे और 19 अगस्त 2011 को फोर्स की एक टुकड़ी कैंप के लिए निकली थी। इस टुकड़ी के जवान रास्ते पर नक्सलियों के एंबुश में फंस गए। धमाके के साथ नक्सलियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। धमाके में ही कई जवान जख्मी हो गए थे। जवानों ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की और नक्सलियों का डटकर सामना किया। जवान ने नक्सलियों से लड़ते-लड़ते 13 जवान शहीद हो गए, जिनमें घनश्याम कन्नौजे भी शामिल थे।

पीएमजीएसवाई सड़क निर्माण में अनियमितता, मई में बनी मुंडा-बरदा मार्ग 2 महीने में ही उखड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी अधिकांश सड़कों के जर्जर होने पर बरसात से पहले हाल ही में नवीन मरम्मत का कार्य किया गया है। ठेकेदारो द्वारा किए गए नवीन सड़क मरम्मत शुरुआती बरसात में भी नहीं टिक पाई और कुछ नवनिर्मित सड़को की मरम्मत करने की स्थिति आ गई है। संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के नियमित निरीक्षण नहीं करने के चलते ही ठेकेदारो द्वारा मनमानी पूर्वक कार्य करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान नहीं दिया गया था जिसके चलते ही पहली बारिश में ही सड़कों से डामर उखड़कर धसने लगी थी। लाखों करोड़ों रूपयो की लागत से बनी सड़कों की ऊपरी परत के डामर उखड़ने व सड़को के जगह-जगह धसने से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और भ्रष्टाचार पर गंभीर सवाल उठना लाजिमी है। पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत बनी मुंडा मेन रोड से बरदा पहुंच मार्ग की सड़क काफी जर्जर हो गया था। सड़क जगह-जगह से उखड़ गया था जिससे राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मुंडा से बरदा पहुंच मार्ग की दूरी 2 किलोमीटर से कुछ अधिक है। इस पहुंच मार्ग के नवीनीकरण कार्य का ठेका भाटापारा के प्रमोद कंस्ट्रक्शन के द्वारा लिया गया था। ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदार के द्वारा नवीनीकरण निर्माण कार्य में शुरुआत से ही गुणवत्ता की अनदेखी किया गया। मुरूम की जगह तालाब से निकाली गई मिट्टी युक्त मुरूम का उपयोग किया गया।

भारी वाहनों के बिना धंसने लगा डामर, जांच और कार्रवाई की मांग



दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई और पुनर्निर्माण की मांग

ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा मना किए जाने के बाद उनकी बातों को अनसुना किया गया। इस पहुंच मार्ग का मई माह में डामरीकरण किया गया। मई माह में बनाई गई करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण के महज दो महीने में ही जगह-जगह उखड़कर धसने लगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि बरसात से ठीक पहले जल्दबाजी में सड़क का निर्माण किया गया और गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का बेस कमजोर बनाया गया तथा डामर और गिट्टी की मात्रा भी मानको से कम इस्तेमाल की गई जिससे पहली बारिश में सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। बताया गया कि इस मार्ग में भारी वाहन नहीं चलते उसके बावजूद सड़क कई जगह धंस चुके हैं। जनप्रतिनिधियो एवं ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच कर दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने और सड़क का दोबारा गुणवत्तापूर्वक निर्माण कराने की मांग की है।

कोसमसरा में विभिन्न योजनाओं के तहत बांटी गई सामग्री व चेक, लगा मेगा हेल्थ कैंप

एक ही छत के नीचे समस्याओं का तत्काल निराकरण: नागेश्वर साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत मंगलवार को कसडोल विकासखंड के ग्राम कोसमसरा मे सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि कुसुमलता पैकरा अध्यक्ष जनपद पंचायत कसडोल, विशिष्ट अतिथि में नागेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत कसडोल, डॉ. सुदीप मानिकपुरी उपाध्यक्ष नगर पंचायत एवं मंडल अध्यक्ष कसडोल, देवानंद नायक उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कसडोल, गायत्री बरिहा जिला पंचायत सदस्य के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

शिविर मे उपस्थित अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को सामग्री, चेक एवं प्रमाण पत्र वितरित किये। नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा सेतु शिविर के माध्यम से शासन औऱ प्रशासन एक छत पर गांव तक पहुंच रही है। इस शिविर में छोटी-छोटी समस्याओ का तत्काल निराकरण किया जा रहा है, जिन आवेदनों का शिविर मे निराकरण नहीं हो पा रहा है इसका एक सप्ताह में निराकरण किया जाएगा।

कोसमसरा शिविर में हितग्राहियों को मिला सामग्री व प्रमाण पत्र



लखपति दीदी अब सोलर दीदी बनकर काम कर रही

शिविर में मेगा हेल्थ कैम्प का भी आयोजन किया गया है जिसमें खून जांच, नजर जांच सहित अन्य जांच सुविधा उपलब्ध है। विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में शासकीय योजनाओं कि जानकारी प्राप्त कर सकते है। जिले के लखपति दीदी अब सोलर दीदी बनकर घर की छतों पर सोलर प्लेट लगाने का काम शुरू किया है। इससे उनके आय में वृद्धि होगी। हम होंगे कामयाब 2.0 अंतर्गत जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने ऑनलाइन पंजीयन शुरू किया गया है, इसमें पंजीयन कर युवा जॉब की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेगा हेल्थ कैम्प क आयोजन किया गया था जिसका ग्रामीणों ने भरपूर लाभ उठाया। कैम्प में खून जांच के साथ नजर का भी जांच किया गया औऱ तत्काल चश्मा प्रदान किया गया।\

जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष अभियान

इस शिविर में शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठायें। नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन सेवा के अथक 25 वर्ष पूर्ण होने पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से मिलने वाली शासकीय योजनाओं का सभी लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को ऊपर उठायें। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कसडोल अध्यक्ष कुसुम पैकरा ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं को हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के लिये सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर तभी सफल होगा जब अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता हो।

यातायात जांच के नाम पर वसूली का आरोप तुरंत रोकने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए स्थानीय व्यापारियों और वाहन चालकों की समस्याओं को लेकर बलौदाबाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। चेंबर पदाधिकारियों ने यातायात जांच के नाम पर वाहन चालकों से कथित अवैध वसूली और उन्हें परेशान किए जाने का आरोप लगाते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। चेंबर का कहना है कि त्योहारों के दौरान शहर के साथ-साथ बाहरी मार्गों पर व्यापारिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में मालवाहक वाहनों की आवाजाही भी बढ़ती है। व्यापारियों के अनुसार, बाईपास मार्गों पर जांच के नाम पर वाहन चालकों को परेशान किए जाने से व्यापार एवं माल परिवहन प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में सकरी बाईपास, रिसदा बाईपास, लटूवा बाईपास और कुकुरदी बाईपास का विशेष रूप से उल्लेख किया गया। चेंबर ने इन मार्गों पर मालवाहक एवं भारी वाहनों की जांच के दौरान कथित अवैध वसूली पर रोक लगाने तथा व्यापारियों एवं वाहन चालकों को अनावश्यक परेशानी से राहत दिलाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष जुगल भट्टर, अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, पीयूष मिश्रा, अभिषेक मिकी तिवारी, उमेश अग्रवाल, दिलीप माहेश्वरी, राजेश केसरवानी, शंकर डुलानी, मनीष हरिमानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

- जिले के चेंबर ऑफ कॉमर्स ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

रंगोली प्रतियोगिता आज राष्ट्र/भारत मंडला का किया जाएगा अवलोकन

महासमुंद। जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक एवं जनभागीदारी आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 07 अक्टूबर 2026 को जिले में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में विशाल रंगोली राष्ट्र/भारत मंडला 76×76 फीट का निर्माण किया गया है, जिसका अवलोकन अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में महाविद्यालयीन स्तर पर आयोजित रंगोली राष्ट्र प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। सभी विकासखंडों में 17×17 फीट रंगोली का निर्माण किया।

एशियन गेम्स से लौटे डॉ. विक्रम सिंह का आदित्य सिंह ने किया स्वागत

सिमगा। छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया का छत्तीसगढ़ वापसी पर स्पीकर हाउस में जिला ओलंम्पिक संघ बलौदाबाजार के सचिव आदित्य सिंह ठाकुर ने उनसे मुलाकात कर उन्हें बधाईया दी। श्री सिसोदिया 20 वे एशियन गेम्स 2026 में बतौर खेल प्रशासक उपस्थित रहे।विदित हो कि एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने गोल्ड मेडल जीता था और इस ऐतिहासिक अवसर पर डॉ सिसोदिया बतौर प्रशासक वहां उपस्थित थे। सिसोदिया के छत्तीसगढ़ वापसी पर जिला ओलंम्पिक संघ बलौदाबाजार के सचिव आदित्य सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के स्पीकर हाउस में उनसे आत्मीयता से मुलाकात करते हुए उन्हें बधाई दी। श्री सिसोदिया वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह



के सचिव व छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव हैं वे 2017 कामनवेल्थ गेम्स एवम टेनिस व बैडमिंटन की कई अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व बतौर खेल प्रशासक कर चुके है। इस अवसर पर ओलम्पिक संघ के पदाधिकारीयो अनुपम अग्रवाल, धीरज वाजपई, राजकुमार मल, आशीष सिंह, शैलेश सिंह ठाकुर, वर्षा मिरी, वंदना तिवारी, विरेन्द्र पटेल सहित जिले के समस्त खेल संघो के पदाधिकारीगण ने शुभकामनाये दी।

अड़बंधा तालाब गार्डन व सार्वजनिक स्थलों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

नगर पंचायत भटगांव में स्वच्छता को लेकर एक मिसाल पेश की गई। गांधी जयंती के अवसर पर नगर पंचायत भटगांव के अड़बंधा तालाब पार गार्डन, नया हटरी सब्जी बाजार चौक, मुक्ति धाम मे विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान की कमान खुद नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने संभाली और अपने पार्षद साथियों के साथ मिलकर गार्डन की साफ-सफाई की। अध्यक्ष और पार्षदों को खुद झाड़ू लगाते देख नगरवासियों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत भटगांव के मुख्य गार्डन में पिछले कुछ समय से गंदगी और घास बढ़ने की शिकायत मिल रही थी। गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा के संकल्प को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने सभी पार्षदों के साथ मिलकर गार्डन की सफाई करने का निर्णय लिया। सुबह करीब 8 बजे अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष सहित सभी वार्ड पार्षद हाथों में झाड़ू, फावड़ा और कचरा गाड़ी लेकर गार्डन पहुंच गए। सभी ने एक-एक कोने की सफाई शुरू की। किसी ने घास काटी, तो किसी ने बिखरे कचरे को इकट्ठा किया, तो किसी ने गार्डन में लगे पौधों की छटाई की। लगभग 2 से 3 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद पूरा गार्डन चमक उठा।

उन्होंने कहा कि सिर्फ नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों के भरोसे रहने से नगर स्वच्छ नहीं होगा, बल्कि हर नागरिक को इसमें सहयोग करना होगा। आज हमने खुद सफाई करके यह संदेश दिया है कि सफाई का काम छोटा नहीं, बल्कि सबसे बड़ा काम है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे कचरा इधर-उधर न फेंके और गार्डन को साफ रखने में सहयोग करें।

भटगांव पंचायत के गार्डन में चला स्वच्छता अभियान, अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने दिया



अध्यक्ष ने दिया स्वच्छता का संदेश

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने कहा कि महात्मा गांधी जी का सपना था कि भारत स्वच्छ हो। स्वच्छता ही असली सेवा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का गार्डन हमारे नगर की शान है, यहां रोज सैकड़ों बच्चे, बुजुर्ग और युवा घूमने और खेलने आते हैं। इसलिए इसकी साफ-सफाई हमारी पहली जिम्मेदारी है।

पार्षदों में दिखा उत्साह -

सफाई अभियान में नगर पंचायत के सभी पार्षदों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पार्षदों ने कहा कि अध्यक्ष के नेतृत्व में इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे। केवल गार्डन ही नहीं, बल्कि पूरे नगर के सभी वार्डों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की भी इसी तरह सफाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भटगांव, सुंदर भटगांव ही हमारा लक्ष्य है। नगरवासियों ने की सराहना अध्यक्ष और पार्षदों द्वारा खुद झाड़ू लगाकर गार्डन साफ करने की खबर पूरे नगर में चर्चा का विषय बन गई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की। गार्डन में घूमने आए बुजुर्गों ने कहा कि आज के समय में जब नेता केवल आदेश देते हैं, वहां अध्यक्ष का खुद मैदान में उतरकर सफाई करना सराहनीय है। इससे कर्मचारियों का भी मनोबल बढ़ता है। नगर पंचायत ने बताया कि गार्डन की सफाई के बाद अब वहां नई लाइटें, बैठने के लिए बेंच और बच्चों के लिए झूलों की मरम्मत का काम भी जल्द शुरू किया जाएगा ताकि नगरवासियों को एक सुंदर और स्वच्छ गार्डन मिल सके। यह सफाई अभियान गांधी जयंती पर स्वच्छता के संकल्प को दोहराने वाला साबित हुआ और नगर पंचायत भटगांव ने साबित कर दिया कि जब जनप्रतिनिधि खुद आगे आते हैं तो बदलाव जरूर आता है।

मासिक बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर हुई चर्चा

डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी की मासिक बैठक विगत दिवस ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे के नेतृत्व में वटगन एवं ओडान मंडल अंतर्गत महंत बाड़ा वटगन में आहूत की गई । बैठक में जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने भाजपा सरकार की नाकामी को उजागर करते हुए कहा कि डबल इंजन वाली भाजपा सरकार देश और प्रदेश दोनों जगह नाकाम हो रही है। वोट चोरी करके सत्ता में बैठी भाजपा सरकार देश में धर्म और जाति के नाम पर लोगो के बीच नफरत फ़ैलाने का काम कर रही है । महंगाई चरम पर है,देश के युवा रोजगार के लिए दर दर भटकने को मजबूर है,जिसकी नाकामियों को हमारे नेता राहुल गांधी बार-बार सदन में उठाकर सरकार की गलत नीतियों को जनता के बीच लाने का काम कर रही है,आगे उन्होंने पार्टी



संगठन को बूथ स्तर में सशक्त बनाने पर जो दिया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार महतारी वंदना योजना के नाम पर प्रदेश की महिलाओं को ठगने का काम कर रही है कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई वृद्धा पेंशन एवं निराश्रित पेंशन योजना को महतारी वंदना योजना का नाम देकर वृद्ध एवं निशक्तजन महिलाओं के साथ अन्याय कर रही है। आज हर चौक चौराहे पर भाजपा सरकार की नाकामी की चर्चा हो रही है। हमारे कांग्रेस के कार्यकर्ता लगातार जनता के बीच जाकर उनकी नाकामियों से का पर्दाफाश कर रही है । देश और प्रदेश की जनता अब की बार भाजपा सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है ।

महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओं से ठगी: हितेंद्र ठाकुर

नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने संगठनात्मक विषयों पर अपनी बात रखी। बैठक को ब्लॉक अध्यक्ष रवि बंजारे व पूर्व रजककार कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी महामंत्री ऋषि साहू ने किया। बैठक में रोहांसी नगर पंचायत अध्यक्ष नंदेश्वर साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, विधायक प्रतिनिधि झड़ीराम कन्नौजे, ओडान मंडल अध्यक्ष तोमन चंद्राकर, वटगन मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चंद्राकर, सनत वर्मा, मेघनाथ यादव, रामस्वरूप वर्मा, रामनिवास साहू, निलेश वर्मा, रिंकू वर्मा, गजेंद्र साहू, केजराम यादव, सेवा राम निषाद, प्रतापपुरी गोस्वामी, चरण घृतलहरे, राहुल तेली, रिंकू साहू सहित मंडल अध्यक्षगण ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विवाद के बाद किशोर को छत से धकेला हालत नाजुक

रायपुर । हंसी-मजाक के विवाद पर एक किशोर को छत से धक्का देकर नीचे गिरा दिया गया। छत से गिरने पर किशोर के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल किशोर का अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र के सतनामीपारा में शनिवार देर रात की है। घटना के बाद से आरोपी युवक मौके से फरार हो गए हैं। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को टीकू जांगड़े (16) शाम करीब 8.15 बजे काम से घर लौटा था। कुछ देर बाद उसने मां से मोहल्ले में घूमकर आने की बात कही और घर से निकल गया। रात 9 बजे टीकू बालक कुर्रे के दोमंजिला मकान की छत पर पहुंचा था। वहां भूपेंद्र घृतलहरे भी मौजूद था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। इस दौरान उनके बीच कहासुनी और झगड़ा हो गया। विवाद के बाद भूपेंद्र ने टीकू को जान से मारने की नीयत से छत से धक्का दे दिया। धक्का लगने से टीकू नीचे एक मंजिला मकान की छत पर जा गिरा।



सहाड़ा में नवरात्रि पर झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र, गुफा और मीना बाजार होंगे खास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी

बलौदाबाजार जिले के विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत सहाड़ा में शारदीय नवरात्रि को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। गांव की गलियों, चौक चौराहों, मंदिरों, भवनों से लेकर तालाब पार तक नवरात्रि उत्सव की भव्य तैयारियां की जा रही हैं। ग्रामीणों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस वर्ष नवरात्रि उत्सव में विभिन्न समितियों द्वारा आकर्षक चलित झांकियां तैयार की जा रही हैं। गौरा चौक एवं उड़न खटोला सेवा समिति द्वारा विशेष रूप से हिरण्यकश्यप वध, भगवान विष्णु के दस अवतार, कैलाश गुफा और जंगल बचाओ जैसे संदेशपरक एवं धार्मिक विषयों पर आधारित झांकियां तैयार की जा रही हैं। इन



झांकियों को देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। वहीं बरामदेव समिति, नंदेश्वर समिति और महामाया दुर्गा समिति सहित बाजार चौक में भी विशेष सजावट और गुफा का निर्माण किया जा रहा है। महिलाओं और बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले तथा मीना बाजार भी लगाया जाएगा। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन जसगीत, झांकी, सुवा नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी।

सामाजिक संदेश देंगी झांकियां : उत्तम

नवरात्रि के दिनों में सहाड़ा में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। गांव में धार्मिक आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर भी ग्रामीणों में उत्साह बना हुआ है। पूर्व सरपंच प्रतिनिधि उत्तम साहू ने बताया कि ग्रामवासियों के सहयोग से सहाड़ा में नवरात्रि का आयोजन लगातार कई वर्षों से किया जा रहा है। इस वर्ष भी विभिन्न समितियों द्वारा अलग अलग विषयों पर आकर्षक चलित झांकियां तैयार की गई हैं। धार्मिक और सामाजिक संदेशों से जुड़ी ये झांकियां निश्चित रूप से श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करेंगी।

खबर संक्षेप



कैप्टन स्मित मच्छार के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन के लिए हनुमान मंदिर में प्रार्थना

बलौदाबाजार। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कैप्टन स्मिथ मच्छार के साहसिक कार्यों की सराहना करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं सुखी, स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना को लेकर हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हनुमान जी से कैप्टन स्मिथ मच्छार को उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने तथा देश की सेवा और प्रगति के लिए उन्हें शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, आलोक अग्रवाल, धनंजय साहू, पुरुषोत्तम साहू, रितेश श्रीवास्तव, पारस साहू, जिला कार्यालय मंत्री देवेंद्र साहू, भाजपा युवा मोर्चा के टिकेश्वर चेलक, शहर मंडल महामंत्री हेमंत वर्मा, जतिन वर्मा, अमन मिश्रा, प्रदीप वर्मा और पंकज वर्मा सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एसआईआर में नाम विलोपन पर कांग्रेस का हमला

रायपुर। एसआईआर के दौरान छत्तीसगढ़ में 24 लाख 99 हजार 823 मतदाताओं के नाम सूची से विलोपित किए जाने को लेकर प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने सरकार और निर्वाचन तंत्र पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ के इतिहास का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक घोटाला बताते हुए कहा, बिना भौतिक सत्यापन के बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि इनमें 19 लाख 13 हजार 540 मतदाताओं को अनुपस्थित या स्थानांतरित बताया गया, जबकि छह लाख से अधिक को मृत बताया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कंप्यूटर फिल्टर और फॉर्म-7 के जरिए गरीब, मजदूर और आदिवासी मतदाताओं के नाम भी हटाए गए। कांग्रेस नेता ने बिलासपुर के तीन बूथों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां एक साथ 117 नाम हटाए गए थे, लेकिन कांग्रेस की आपत्ति के बाद भौतिक सत्यापन में सभी मतदाता सही पाए गए। उन्होंने रायपुर, बिरगांव, बालोद, दुर्ग और बस्तर में भी नाम विलोपन की शिकायतों का दावा किया।

राजधानी से लौटकर ठिठका मानसून फिर गति पकड़ेगा अभी गर्मी जैसे हालात

रायपुर। राजधानी से विदा होकर रुका मानसून पुनः गति पकड़ेगा और आने वाले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ छोड़ देगा। प्रदेश में अभी गर्मी जैसे हालात बने हुए हैं और राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया है। अभी छत्तीसगढ़, विदर्भ और मराठवाड़ा होते हुए एक द्रोणिका बनी हुई है, जिसके प्रभाव से कुछ एक क्षेत्रों में बूंदाबांदी हो सकती है। बारिश का मौसम बीतने और ठंड के आने के पहले अभी राज्य का मौसम स्थिरता लिए हुए है और गर्मी जैसा माहौल बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश की गतिविधि रहने की वजह से मौसम में ठंडक थी। अब वातावरण से मौजूद नमी वापस कम हो रही है, जिससे धूप का प्रभाव तेज हो रहा है। आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। हालांकि उत्तरी सीमा पर शुष्क हवा रात के वक्त जल्दी ही अपना प्रभाव दिखाएगा।

नवरात्रि, गरबा और दशहरा पर्व को लेकर सिटी कोतवाली में शांति समिति की बैठक

डीजे के लिए समय सीमा तय, पंडालों में सीसीटीवी और वालंटियर्स अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

आगामी नवरात्रि, गरबा उत्सव एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए रविवार को थाना सिटी कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में आयोजित बैठक में एसडीएम, एसडीओपी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं थाना प्रभारी सहित जनप्रतिनिधि, पार्षद, दुर्गा एवं गरबा उत्सव समितियों के पदाधिकारी और प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। बैठक में अधिकारियों ने आयोजकों से पर्व के दौरान आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। गरबा एवं दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती तथा प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। ध्वनि विस्तारक यंत्रों और डीजे का उपयोग निर्धारित समय एवं ध्वनि सीमा में करने तथा शासन के नियमों और सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन करने कहा गया। नगर पालिका को पंडालों के आसपास साफ-सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था तथा पुलिस को यातायात नियंत्रण और नियमित गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

- पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात और ध्वनि नियंत्रण को लेकर दिए निर्देश



हुड़दंगियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि शराब पीकर वाहन चलाने, शांति भंग करने या किसी भी प्रकार का हुड़दंग फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी समिति पदाधिकारियों ने पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने और पुलिस-प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

हर घर मुनगा अभियान के तहत किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रिसदा

छत्तीसगढ़ शासन के सेवा संकल्प अभियान एवं राष्ट्रीय पोषण माह के तहत ग्राम पंचायत मोपर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में 'आंगन सेवा मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य तथा पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में सरपंच फत्तेलाल ध्रुव, उपसरपंच संजीव कुमार साहू, तुकेश्वर (गोलू) देवांगन, भरत लाल यदु, सियाराम साहू एवं श्यामरतन लहरी सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से पहुंचे डॉ. दुबे एवं रेवती ध्रुव ने गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों एवं पोषण संबंधी जानकारी दी। साथ ही विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

- महिलाओं और बच्चों को पोषण व स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

इस अवसर पर 'हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा' अभियान के तहत आंगनबाड़ी परिसर में मुनगा का पौधा रोपा गया। मुनगा को पोषक तत्वों से भरपूर बताते हुए महिलाओं और बच्चों के पोषण में इसके महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक प्रमिला वर्मा सहित तीनों केंद्रों की कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं और बच्चों की सहभागिता रही।

विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति को लेकर पालकों और शिक्षकों ने किया मंथन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा में त्रैमासिक परीक्षा के उपरांत पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन गरिमामय एवं सकारात्मक वातावरण में किया गया। बैठक में हिन्दी माध्यम की कक्षा 9वीं से 12वीं तथा अंग्रेजी माध्यम की कक्षा 1वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के पालक शामिल हुए। बैठक के दौरान पालकों के समक्ष विद्यार्थियों की त्रैमासिक परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं प्रदर्शित की गईं तथा उनके परीक्षा परिणाम, अध्ययन स्तर एवं विषयवार प्रगति से अवगत कराया गया। शिक्षकों ने कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए नियमित अभ्यास, पुनरावृत्ति एवं घर पर अध्ययन की आदत विकसित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही पालकों से बच्चों की पढ़ाई पर नियमित निगरानी रखने तथा विद्यालय में कराए गए पाठ्यक्रम का घर पर भी पुनः अभ्यास कराने की अपील की गई।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज एवं व्याख्याता शाहिना परवीन ने अपने उद्बोधन में पालकों से विद्यालय और घर के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी की सफलता के लिए विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ घर का सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण भी आवश्यक है। पालक-शिक्षक बैठक में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, उनके पालकगण एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

अग्रसेन जयंती उत्सव में संस्कार, हुनर और उल्लास का दिखा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

श्री अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल खरोरा द्वारा 3 एवं 4 अक्टूबर को दो दिवसीय विविध खेल एवं प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से जोड़ना और उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना रहा। आयोजन के दौरान महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों दिनों शाम 3:30 बजे दीप





प्रज्वलन एवं आरती के साथ हुई। इसके पश्चात विभिन्न मनोरंजक खेल एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 3 अक्टूबर को आयोजित प्रतियोगिताएं में स्वस्तिक बनाओ, प्लास्टिक स्पून से लकी गेम तथा चॉकलेट खजाना/कुर्सी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। स्वस्तिक बनाओ प्रतियोगिता में रीना अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान रीना अग्रवाल रही। प्लास्टिक स्पून गेम में विधि अग्रवाल प्रथम तथा नीयति अग्रवाल और अंकिता अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चॉकलेट कुर्सी दौड़ में माधव अग्रवाल प्रथम एवं नीतू अग्रवाल द्वितीय रहीं। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल एवं आनंद अग्रवाल उपस्थित रहे। 4 अक्टूबर को विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्रॉस द डॉट प्रतियोगिता में माया अग्रवाल प्रथम एवं सुनीता अग्रवाल द्वितीय रहीं। काउंटर से हौजी की गोटी वाले गेम में सोनल अग्रवाल ने प्रथम तथा विजयलक्ष्मी अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

दो शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर मिला शिक्षा ज्योति सम्मान





कसडोल। विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय ऑनलाइन सम्मान समारोह में कसडोल ब्लाक के दो शिक्षकों को 'शिक्षा ज्योति सम्मान' से सम्मानित किया गया। शासकीय हाई स्कूल बरेली के व्याख्याता गौतम कुमार भारती और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राजादेवरी के शिक्षक रमाशंकर साहू को नवाचारी शिक्षण पद्धति, उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान के लिए यह सम्मान मिला। 5 अक्टूबर को आयोजित समारोह में देशभर के 128 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, बिहार और राजस्थान के शिक्षक शामिल हुए। 'शिक्षा ज्योति' की संस्थापक अर्चना शर्मा एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी डॉ. राघवेंद्र सिंह राठौर ने ऑनलाइन माध्यम से प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

दतान प विद्यालय में सफाई कर्मी सम्मानित

पलारी। स्वच्छता केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि स्वस्थ और सुंदर समाज की पहचान है। सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दतान प में विद्यालय की स्वच्छता एवं साफ-सफाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा विद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की



सराहना करते हुए सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया। उपस्थिति शिक्षकों ने जोर देते हुए स्वच्छ विद्यालय' स्वस्थ विद्यार्थी सुंदर समाज का आह्वान किया। उक्त अवसर पर देवकी ध्रुव, किरण ठाकुर, अनीता रात्रे, सरस्वती वर्मा, संध्या पैकरा, मोतिम ध्रुव, मधु फेकर, कमलेश साहू, प्रकाश कुमार सेन, शिव कुमार वर्मा, देवेश साहू, श्रवण साहू, तेजराम साहू, अभिषेक महोबे उपस्थित रहे।

समृद्धि शर्मा का इंस्पायर अवॉर्ड मानक के राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन

राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में दिखेगा समृद्धि का नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट एमडीवी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदाबाजार में कक्षा 6वीं में अध्ययनरत छात्रा समृद्धि शर्मा का चयन इंस्पायर अवार्ड मानक के 12वें नेशनल लेवल एग्जीबिशन एंड प्रोजेक्ट कॉम्पिटिशन के लिए हुआ है। समृद्धि राष्ट्रीय स्तर पर अपने नवाचारी मॉडल "सिलेंडर कैरियर का प्रदर्शन करेंगी।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समृद्धि की इस उपलब्धि के लिये शुभकामनायें दी है। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि जिले की छात्रा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। समृद्धि ने अपने नवाचारी मॉडल "सिलेंडर कैरियर" के माध्यम से



अपनी रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार की क्षमता का परिचय दिया है। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच एवं नवाचार को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। इंस्पायर अवार्ड मानक जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाशीलता और वैज्ञानिक विचारों को मॉडल के रूप में प्रस्तुत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि समृद्धि जैसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने से जिले के अन्य विद्यार्थियों को भी विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। 12वें नेशनल लेवल एग्जीबिशन एंड प्रोजेक्ट कॉम्पिटिशन का आयोजन 12 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जा रहा है। विभागीय पत्र के अनुसार चयनित प्रतिभागियों को अपने प्रोटोटाइप मॉडल के साथ निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होना है। इस अवसर पर प्राचार्य ऋतु शुक्ला, जिला नोडल अधिकारी कौशिक मुनि त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

